राजस्थान पत्रिका me.next... भवि

पारंपरिक मार्केटिंग का अपना स्थान है, पर मौजूदा दौर डिजिटल मार्केटिंग का है। आप इस फील्ड में अच्छा कॅरियर बना सकते हैं। डिजिटल मार्केटिंग का स्कोप काफी बड़ा है। अगर आप डिजिटल वर्ल्ड पसंद हैं तो इस फील्ड में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

# डिजिटल मार्केटिंग बना सकती है कॅरियर

*डिजिटल मार्केटिंग इंटरनेट, कम्प्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिये की जाने वाली मार्केटिंग है। इसे ऑनलाइन मार्केटिंग भी कह सकते हैं। परंपरागत और डिजिटल मार्केटिंग के तौर-तरीके भले ही अलग हों, लेकिन मकसद एक ही है- उत्पाद के प्रति ग्राहक में ज्यादा से ज्यादा जागरुकता विकसित करना। इंटरनेट मार्केटिंग के क्षेत्र में कई तरह के अवसर मौजूद हैं। आप सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन, सोशल मीडिया मार्केटिंग, कॉपीराइटर, लिंक बिल्डिंग, सर्च इंजन मार्केटिंग, ईमेल मार्केटिंग, ऑनलाइन एडवर्टाइजिंग में काम कर सकते हैं। ऑफलाइन जगत में जो भी मार्केटिंग की जाती है, अब वह ऑनलाइन मार्केटिंग में भी शामिल हो गई है। इंटरनेट मार्केटिंग उन जॉब्स में से एक है, जो बड़ी ग्रोथ दे सकती है।*

**अब** डिजिटल मार्केटिंग का दायरा काफी बढ़ गया है। ई-कॉमर्स उद्योग में जबर्दस्त बूम आने से छोटी-बड़ी सभी कंपनीज अपनी ऑनलाइन उपस्थिति बढ़ाने के लिए खुद की डिजिटल मार्केटिंग टीम बनाने की कोशिश कर रही हैं।

## वर्क प्रोफाइल

आजकल किसी भी कंपनी में डिजिटल मार्केटिंग स्पेशलिस्ट की बड़ी अहमियत होती है। ये मार्केटिंग टीम के अहम सदस्य होते हैं। डिजिटल मार्केटिंग मैटेरियल को तैयार करने और उसे मेंटेन रखने की जिम्मेदारी इन्हीं पर होती है। कंपनीज के लिए प्रोफेशनल्स वेब बैनर एड, ईमेल्स और वेबसाइट्स बनाकर उनकी ब्रांडिंग करते हैं। इंटरनेट और डिजिटल टेक्नोलॉजी के लिए मार्केटिंग कैंपेन तैयार करते हैं, जिसे मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के जरिये प्रचारित-प्रसारित किया जाता है। इस फील्ड में काम करने वाले प्रोफेशनल्स की कम्युनिकेशन स्किल, इंटरनेट स्किल, ऑर्गेनाइजेशनल स्किल और पर्सनल वर्किंग एबिलिटी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही इन्हें डायरेक्ट सेल्स और डिजिटल मार्केटिंग प्लेटफॉर्म्स की भी अच्छी जानकारी होनी चाहिए।




## कॅरियर प्रॉस्पेक्टस

कारोबार में डिजिटल मार्केटिंग का महत्व बढ़ रहा है। पारंपरिक मार्केटिंग के प्रोफेशनल्स और टेक्नोलॉजी का ज्ञान रखने वाले युवाओं के बीच डिजिटल मार्केटिंग बेहतरीन कॅरियर विकल्प बन रहा है। इस क्षेत्र में कॉपी राइटर, स्टोरी बोर्ड आर्टिस्ट, एनीमेटर्स, प्रोग्रामर्स, वेब डिजाइनर, कैंपेन मैनेजर, ऑनलाइन एग्जीक्यूटिव, एसईओ मैनेजर, एसएमओ मैनेजर, ईमेल मैनेजर और सोशल मीडिया प्रबंधक जैसे विशेषज्ञों के रूप में रोजगार के ढेरों अवसर उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सॉल्यूशन कंपनियों और व्यवसाय संगठनों के मार्केटिंग के विभागों में रोजगार के कई अवसर उपलब्ध हैं। आजकल सोशल मीडिया विभागों का भी चलन है। आप अपनी मार्केटिंग कंपनी भी खोल सकते हैं।

## प्रमुख संस्थान

- भारतीय विद्या भवन, नई दिल्ली
  www.bvbdelhi.org
- एसपी जैन स्कूल ऑफ ग्लोबल मैनेजमेंट, मुंबई
  www.spjain.org
- इंस्टीट्यूट ऑफ मार्केटिंग कम्युनिकेशन्स इंडिया, नोएडा, दिल्ली, हैदराबाद, वडोदरा
  www.imciindia.org

## जरूरी स्किल्स

**इस** क्षेत्र में सफल कॅरियर बनाने के लिए निरंतर कौशल व प्रौद्योगिकी, मार्केटिंग और डिजिटल मीडिया के संदर्भ में ज्ञान को बढ़ाना होगा। क्रिएटिव होने के अलावा अच्छे तकनीकी कौशल की भी जरूरत होगी। तकनीकी कुशलता के संदर्भ में वेब डिजाइन, सोशल मीडिया और वेब संबंधी सॉफ्टवेयर का अच्छा ज्ञान होना चाहिए। आपके अंदर विश्लेषणात्मक व अनुसंधान कौशल और नेतृत्व का गुण भी होना चाहिए।

## अवसर

डिजिटल मार्केटिंग एजेंसीज व ई-कॉमर्स कंपनियों में कई अवसर हैं। ऑनलाइन वेबसाइट्स, सर्विस प्रोवाइडिंग कंपनीज, रिटेल कंपनीज में अवसर हैं। यहां आप इन पदों पर नौकरी पा सकते हैं- डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, कंटेंट मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया मार्केटिंग स्पेशलिस्ट, वेब डिजाइनर, एप डवलपर, कंटेंट राइटर, सर्च इंजन मार्केटर, इनबाउंड मार्केटिंग मैनेजर, एसईओ एग्जीक्यूटिव।

## कौनसे हैं कोर्स

डिजिटल मार्केटिंग में कॅरियर बनाने के लिए मार्केटिंग, आईटी, जनसंचार, विज्ञापन या सेल्स में डिग्री या डिप्लोमा की जरूरत पड़ेगी। कई संस्थान डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में पीजी डिप्लोमा व एग्जीक्यूटिव डिप्लोमा जैसे प्रोफेशनल कोर्स करवा रहे हैं। अगर आप इस क्षेत्र में ऊंचाइयों को छूना चाहते हैं, तो आपको डिजिटल मार्केटिंग के सभी आयामों का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।

## पढ़ाई

आमतौर पर कोर्स के दौरान टारगेट मार्केट पहचानना, एडवर्टाइजिंग स्ट्रैटेजी, मार्केटिंग कैंपेन एनालिसिस, कम्युनिकेशन स्ट्रैटेजी, टेक्नोलॉजी, बेसिक मार्केटिंग कॉन्सेप्ट्स, सर्च इंजन मार्केटिंग, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन, सोशल मीडिया मार्केटिंग, सोशल मीडिया ऑप्टिमाइजेशन, ईमेल मार्केटिंग, कंटेंट राइटिंग आदि की जानकारी दी जाती है।

## सैलरी पैकेज

*डिजिटल मार्केटिंग फील्ड में सैलेरी भी शानदार होती है।*

**25 हजार** रुपए प्रति माह तक सैलरी मिल जाती है फ्रेशर्स को शुरुआत में

**12 लाख** का पैकेज प्राप्त कर सकते हैं कुछ साल के अनुभव वाले

## क्वालीफिकेशन

**पोस्ट** ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डिजिटल मार्केटिंग में प्रवेश लेने के लिए अभ्यर्थी का ग्रेजुएट होना जरूरी है। जो युवा मार्केटिंग, मास कम्युनिकेशन या फिर ग्राफिक डिजाइन में ग्रेजुएट हैं, उनके लिए यह कोर्स और भी लाभदायक साबित हो सकता है हालांकि सभी ग्रेजुएट इसके लिए योग्य हैं। प्रभावी तरीके से संदेश लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं तो यह कोर्स करें।

## यूं खुलेगा रास्ता

**वेबसाइट,** पोर्टल या ब्लॉग को लॉन्च करना तो आसान है, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती है- वेबसाइट, पोर्टल या ब्लॉग की मार्केटिंग। ऐसे में ऑनलाइन मार्केटिंग या इंटरनेट मार्केटिंग की भूमिका सामने आती है। इंटरनेट मार्केटिंग कंपनियों और कन्ज्यूमर्स को कनेक्ट करती है। इंटरनेट मार्केटिंग के जरिए वेब वर्ल्ड का रास्ता खुलता है, जो एक वेबसाइट या ब्लॉग की प्राथमिक जरूरत है।